pan>

Title: Regarding need to expedite construction of railway over-bridge between Nadiad and Uttarsanda railway stations in Kheda Parliamentary Constituency, Gujrat.

श्री देवुसिंह चौहान (खेड़ा) : मेरे लोक सभा क्षेत्र खेड़ा (गुजरात) में नाडियाड रेलवे स्टेशन और उत्तरसंदा रेलवे स्टेशन के बीच एक रेलवे ओवर ब्रिज बन रहा है। यह आर.ओ.बी. नं. 273 अहमदाबाद-मुम्बई ब्रॉडगेज रेलवे लाइन 447/47-448/2, खेड़ा, गुजरात में निर्माणाधीन है। इस ब्रिज का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। इस काम में गति लाने के लिए वेस्टर्न रेलवे के उच्च अधिकारियों से मीटिंग हुई थी और काम जल्दी से पूरा करने के लिए तय हुआ था। इसके बावजूद रेल अधिकारी एवं सुरक्षा विभाग द्वारा कार्यवाही धीरे चल रही है। समय पर कोई अनुमति नहीं मिल रही है। पिछले कई महीनों से काम चल रहा है। अधिकारी एडवांस में सारा जरूरी काम पूरा नहीं करते, जबकि यह काम पिछले कई साल से शुरू हो चुका है।

अतः केंद्र सरकार से मेरा आग्रह है कि रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में गति लायी जाए एवं निर्माण कार्य से संबंधित मामलों में अनुमति शीघ्र प्रदान की जाए।